वर्ष 29 अंक 227
Pages 12
Bareilly, Sunday,
29 April 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- ₹ 2/-
Outside Bareilly City.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 6 : MIDDLE RIGHT

एसआरएमएस में कैंपस प्लेसमेंट

» 42 में से 22 स्टूडेंट्स लिखित परीक्षा पास कर इंटरव्यू में हुए शामिल

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (28April): श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के प्लेसमेंट डिपार्मेंट की ओर से कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया. जिसमें जिंदल इलेक्ट्रिक एंड मशीनरी ने बीटेक के मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स के स्टूडेंट्स को सेलेक्ट किया. प्लेसमेंट में उन्नाव के स्टूडेंट्स ने भी भाग लिया.

लिखित परीक्षा के बाद इंटरव्यू

कंपनी में चयन के लिए 42 स्टूडेंट्स ने लिखित परीक्षा दी, जिसमें से 22 स्टूडेंट्स परीक्षा पास कर इंटरव्यू में शामिल हुए. कंपनी के ट्रेनिंग हेड अनुज कुमार ने बताया कि इंटरव्यू में पास हुए स्टूडेंट्स का परिणाम जल्द ही घोषित किया जाएगा. प्लेसमेंट के दौरान ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, एकेडमिक डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, नितिन अग्रवाल, राकेश मिश्रा, संगीता लालवानी और नेहा सक्सेना आदि मौजूद रहे.